प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निकाली गई लॉटरी , किराएदारी में रहने वाले 71 हितग्राहियों को मिला खुद का आवास, महापौर नीरज पाल ने आबंटित हितग्राहियों को दी बधाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किराएदारी में निवास करने वाले लोगों को आज आवास आबंटन के लिए लॉटरी निकाली गई। 71 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आज आवास आबंटित किया गया। मुख्यतः सूर्या विहार, अविनाश मेट्रोपोलिस, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज, आम्रपाली एवं एनाआर स्टेट के स्थानों में आवास आवंटित किया गया। तीन वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग को भूतल में आवास आवंटित हुआ है। आवास मिलने पर महापौर नीरज पाल ने हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। लॉटरी में शामिल होने के लिए सुबह 11:00 बजे से ही हितग्राही आवास पाने के इंतजार में मौजूद हो गए थे। भिलाई निगम ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली थी। जिन्होंने अंशदान की राशि जमा की थी उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान मोर आस के 71 हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे इसी तारतम्य में आवास आबंटन शीघ्रता से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतल में आवास पाने के लिए दिव्यांग आवेदक एवं वरिष्ठजन को स्वयं का ही दिव्यांग प्रमाण पत्र या वरिष्ठ नागरिक होने का प्रमाण पत्र लॉटरी में शामिल होने के लिए देना होगा। आवास आबंटन के दौरान आज प्रमुख रूप से सभापति गिरवर बंटी साहू, एमआईसी मेंबर चंद्रशेखर गवई, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।